प्रेस नोट

आज दिनाँक 24.09.2024 को वाराणसी शहर को स्वच्छ, सुन्दर व जाम मुक्त बनाने के लिए तथा यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु दिनांक 10.09.2024 से काशी जोन में चलने वाले ई–रिक्शा के किये गये रूट निर्धारण के क्रम में "ई–रिक्शा मैनेजमेन्ट प्लान" के तहत वाहनों के रजिस्ट्रेशन के पते के अनुसार यातायात लाईन कमिश्नरेट वाराणसी में दिनांक 24.09.2024 तक कुल 4674 से अधिक ई–रिक्शा वाहन स्वामी/चालकों द्वारा पंजीकरण कराते हुए कलर कोड व बार कोड स्टीकर लगवाया जा चुका है। यह बार कोड कलर युक्त स्टीकर वाहन चालकों को निःशुल्क वितरण किया गया है। जिन वाहन चालकों/स्वामियों के समस्त प्रपत्र वैध थे, उनके द्वारा वाहनों पर बार कोड कलर युक्त स्टीकर लगवाने हेतु सभी चालकों में उत्साह देखा जा रहा है। इसी के क्रम में आज दिनांक 24.09.2024 को काशी जोन में जिन ई–रिक्शा पर बार कोड कलर युक्त स्टीकर नही लगा है, उनके विरूद्ध तथा नगर क्षेत्र में बिना परमिट के आटो रिक्शा के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाकर समस्त यातायात निरीक्षक/उपनिरीक्षकं के द्वारा प्रभावी कार्यावाही की गयी जिसमें कुल 116 ई–रिक्शा व आटों के विरूद्ध नियमानुसार सीज की कार्यवाही की गयी। यह प्रवर्तन की कार्यावाही आगे भी जारी रहेगी।
आज यातायात पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी के द्वारा कुल 48 ई–रिक्शा को सीज किया गया तथा 196 चालान की कार्यावाही की गयी एवं 68 आटों को भी सीज किया गया। स्थानीय थाना द्वारा भी इस अभियान में हिस्सा लेकर 159 ई–रिक्शा सीज किया गया एवं 236 का चालान किया गया।

इस प्रकार यातायात पुलिस एव थाना स्थानीय द्वारा कुल 276 थ्री व्हीलर वाहनों को सीज किया गया और चालान 432 का चालन किया गया।

अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात
कमिश्नरेट वाराणसी